भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4010**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**पुरक्कट्टेरी-कुट्टियाडी-मनंथावाड़ी-मैसूर ग्रीनफील्ड राजमार्ग**

4010. श्री शफी परम्बिलः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रस्तावित पुरक्कट्टेरी-कुट्टियाडी-मनंथावाड़ी-मैसूर ग्रीनफील्ड राजमार्ग की वर्तमान स्थिति क्या है जो कर्नाटक को उत्तरी केरल से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण है;

(ख) पुरक्कट्टेरी-कुट्टियाडी-मनंथावाड़ी-मैसूर ग्रीनफील्ड राजमार्ग से संबंधित निर्माण कार्य की शुरुआत की संभावित तिथि क्या है;

(ग) परियोजना को पूरा करने के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) परियोजना के पूरा होने की अपेक्षित तिथि क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास एक सतत प्रक्रिया है और सरकार भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग/उच्च गति नेटवर्क विकास/क्षमता वृद्धि की आवश्यकता का आकलन करने के लिए नियमित रूप से अध्ययन करती है। इन प्रयासों का उद्देश्य विभिन्न उद्देश्यों को प्राप्त करना है, जिसमें अंतर-राज्यीय संपर्कता बढ़ाना और लॉजिस्टिक लागत को कम करना शामिल है। अभी, पुरक्कट्टेरी-कुट्टियाडी-मनंथावाड़ी-मैसूर ग्रीनफील्ड राजमार्ग के विकास का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****